**CLASS : 10th (Secondary)** **Code No. 4201**

**Series : Sec. M/2019**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

***SET : A***

# हिन्दी

*(Academic/Open)*

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **15** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***



www.mseducationtv.com

*नोट : (i) **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

**खण्ड – क**

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए : $2 \times 7 = 14$

(क) काला, धीरे, पुस्तक, परन्तु (विकारी शब्द छाँटिए)।

(ख) खिलौना, मिलाप (प्रत्यय छाँटकर लिखिए)।

(ग) यथाशीघ्र, कार्यकुशल (विग्रह करके समास का नाम लिखिए)।

(घ) कर्तृवाच्य से क्या अभिप्राय है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(ङ) जागृति, उपकार (विलोम शब्द लिखिए)।

(च) अतिथि, अमृत ( ***दो-दो*** पर्यायवाची शब्द लिखिए)।

(छ) विशेषण पदबंध की परिभाषा एवं उदाहरण दीजिए।

**2.** (क) अतिशयोक्ति अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण दीजिए। 2

(ख) दोहा छंद का लक्षण लिखिए। 2

**3.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर निबंध लिखिए : 6

(क) मेरा प्रिय कवि।

(ख) जीवन में खेलों का महत्त्व।



www.mseducationtv.com

(ग) मद्यपान के दुष्परिणाम।

(घ) भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं उनके आविष्कार।

(ङ) ऋतुराज बसंत।

**4.** नारी सशक्तिकरण का महत्त्व समझाते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

विद्यालय में इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु मुख्याध्यापक को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। 6

**खण्ड – ख**

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा वाक्य में दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(क) 'फसल' कविता के रचयिता कौन हैं ?

(ख) 'खर कुठार मैं अकरुन कोही' – यहाँ 'कोही' का क्या अर्थ है ?

(ग) 'आत्मकथ्य' कविता में किसकी सीवन को उधेड़कर देखने की बात कही है ?

(घ) 'कन्यादान' कविता में लड़की को किसकी पाठिका कहा गया है ?

(ङ) 'संगतकार' कविता में स्थायी किसे कहा गया है ?



www.mseducationtv.com

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 3 = 3$

(क) 'उत्साह' कविता में उर में किसकी छवि की बात कही है ?

(i) विद्युत (ii) बाल

(iii) बादल (iv) वज्र

(ख) 'छाया मत छूना' कविता में प्रयुक्त 'कुंतल' शब्द का अर्थ है :

(i) कंचुकी (ii) लम्बे केश

(iii) फूल (iv) रेशमी वस्त्र

(ग) योग का संदेश गोपियों को कैसा लगा ?

(i) कड़वी ककड़ी (ii) खीरा

(iii) करेला (iv) सुहावना

**7.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी।
ज्यौं जल माह तेल की गगरि, बूँद न ताकौ लागी।
प्रीति-नदी मैं पाउँ न बोर्‌यो, दृष्टि न रूप परागी।
'सूरदास' अबला हम भोरी, गुर चाँटी ज्यौं पागी।।



www.mseducationtv.com

*प्रश्न :*

(i) प्रस्तुत काव्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

(ii) प्रस्तुत काव्यांश का प्रसंग स्पष्ट कीजिए।

(iii) कमल के पत्ते के बारे में क्या कहा गया है ?

(iv) 'प्रीति-नदी' से कवि का क्या तात्पर्य है ?

(v) गोपियों ने उद्धव की दृष्टि पर क्या आरोप लगाए हैं ?

**8.** निम्नलिखित काव्यांश में निहित भाव एवं शिल्प-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 2 + 2

नाथ संभुधनु भंजनिहारा। होइहि केउ एक दास तुम्हारा।।
आयेसु काह कहिय किन मोही। सुनि रिसाइ बोले मुनि कोही।।
सेवकु सो जो करै सेवकाई। अरि करनी करि करिअ लराई।।
सुनहु राम जेहि सिवधनु तोरा। सहसबाहु सम सो रिपु मोरा।।

**9.** 'आत्मकथ्य' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 3

**अथवा**

बच्चे की दंतुरित मुसकान का कवि के मन पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

**खण्ड – ग**

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा वाक्य में दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(क) 'नौबतखाने में इबादत' पाठ के रचयिता कौन हैं ?



www.mseducationtv.com

(ख) नेताजी की मूर्ति किस मूर्तिकार ने बनाई थी ?

(ग) घर की पूरी प्रबंधिका बनकर बालगोबिन भगत को किसने दुनियादारी से मुक्त कर दिया था ?

(घ) फ़ादर बुल्के माँ की चिट्ठियाँ किसको दिखाया करते थे ?

(ङ) मन्नू भण्डारी की माताजी किस कक्षा तक पढ़ी थी ?

**11.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 3 = 3$

(क) भगवान शाक्य मुनि और उनके चेले किस भाषा में धर्मोपदेश देते थे ?

(i) अंग्रेजी (ii) हिन्दी

(iii) संस्कृत (iv) प्राकृत

(ख) 'नरकट' नामक घास डुमराँव गाँव में किस नदी के पास पाई जाती है ?

(i) गंगा (ii) नर्मदा

(iii) सोन (iv) यमुना

(ग) सभ्यता को किसका परिणाम कहा गया है ?

(i) संस्कृति का (ii) राष्ट्रीयता का

(iii) समाज का (iv) विकास का



www.mseducationtv.com

**12.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 4 = 4$

जिस व्यक्ति की बुद्धि ने अथवा उसके विवेक ने किसी भी नए तथ्य का दर्शन किया, वह व्यक्ति ही वास्तविक संस्कृत व्यक्ति है और उसकी संतान जिसे अपने पूर्वज से वह वस्तु अनायास ही प्राप्त हो गई है, वह अपने पूर्वज की भाँति सभ्य भले ही बन जाए, संस्कृत नहीं कहला सकता। एक आधुनिक उदाहरण लें। न्यूटन ने गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत का आविष्कार किया। वह संस्कृत मानव था।

***प्रश्न :***

(i) प्रस्तुत गद्यावतरण के रचयिता एवं पाठ का नाम लिखिए।

(ii) संस्कृत व्यक्ति किसे कहा जाता है ?

(iii) न्यूटन को 'संस्कृत मानव' क्यों कहा गया है ?

(iv) संस्कृत व्यक्ति की संतान को क्या कहा गया है ?

**13.** यशपाल ***अथवा*** मन्नू भण्डारी का जीवन परिचय देते हुए उनकी साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 6

**14.** 'स्त्री-शिक्षा के विरोधी कुतर्कों का खण्डन' पाठ का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 2

**खण्ड – घ**

**15.** ***'कृतिका' (भाग - 2)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) रानी एलिज़ाबेथ द्वितीय के ऐश्वर्य का वर्णन कीजिए।



www.mseducationtv.com

(ख) तिस्ता नदी के किनारे बने गेस्ट हाउस में सैलानियों के नृत्य-गान का वर्णन कीजिए।

(ग) 'माता का अँचल' पाठ में चबूतरे पर खेती करने के नाटक का वर्णन कीजिए।

(घ) 'एही ठैयाँ झुलनी हेरानी हो रामा' पाठ का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ङ) अज्ञेय के अनुसार प्रत्यक्ष अनुभव की अपेक्षा अनुभूति उनके लेखन में कहीं अधिक मदद करती है। क्यों ?



www.mseducationtv.com

**CLASS : 10th (Secondary)** **Code No. 4201**

**Series : Sec. M/2019**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

***SET : B***

# हिन्दी

*(Academic/Open)*

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **15** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***



www.mseducationtv.com

***नोट :*** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

**खण्ड – क**

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए : $2 \times 7 = 14$

(क) इसलिए, पीना, अंत, अरे (विकारी शब्द छाँटिए)।

(ख) बिकाऊ, बिछौना (प्रत्यय छाँटकर लिखिए)।

(ग) प्रधानाध्यापक, अष्टाध्यायी (विग्रह करके समास का नाम लिखिए)।

(घ) कर्मवाच्य से क्या अभिप्राय है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(ङ) आभ्यंतर, उद्दण्ड (विलोम शब्द लिखिए)।

(च) कान, किरण (***दो-दो*** पर्यायवाची शब्द लिखिए)।

(छ) संज्ञा पदबंध की परिभाषा सोदाहरण दीजिए।

**2.** (क) रूपक अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण दीजिए। 2

(ख) चौपाई छंद का लक्षण लिखिए। 2

**3.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर निबंध लिखिए : 6

(क) मेरा प्रिय खेल।

(ख) समाचार-पत्र का महत्त्व।



www.mseducationtv.com

(ग) बेटा-बेटी एक समान, बेटी भी है वरदान।

(घ) पराली जलाने से उत्पन्न प्रदूषण।

(ङ) विज्ञान के बढ़ते चरण।

**4.** पर्वतीय यात्रा का वर्णन करते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

विद्यालय में और अधिक कम्प्यूटर उपलब्ध करवाने हेतु मुख्याध्यापक को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। 6

## खण्ड – ख

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा वाक्य में दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(क) 'छाया मत छूना' कविता के रचयिता कौन हैं ?

(ख) 'गर्भन्ह के अर्भक दलन' – यहाँ 'अर्भक' का क्या अर्थ है ?

(ग) 'आत्मकथ्य' कविता में किसकी उज्ज्वल गाथा गाने की बात कही है ?

(घ) 'यह दंतुरित मुसकान' कविता में तालाब छोड़कर जलजात कहाँ खिलने की बात कही है ?

(ङ) 'संगतकार' से क्या तात्पर्य है ?



www.mseducationtv.com

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 3 = 3$

(क) 'उत्साह' कविता में अनंत के घन किस दिशा से आने की बात कही है ?

(i) उत्तर (ii) पूर्व

(iii) अज्ञात (iv) ज्ञात

(ख) श्रीकृष्ण की हारिल से तुलना किसने की है ?

(i) सूरदास ने (ii) उद्धव ने

(iii) गोपियों ने (iv) यशोधा ने

(ग) श्रीकृष्ण 'किंकिनि' कहाँ पहने हैं ?

(i) पाँयनि में (ii) कटि में

(iii) माथे पर (iv) वक्षस्थल पर

**7.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

अवधि अधार आस आवन की, तन मन बिथा सही।
अब इन जोग सँदेसनि सुनि-सुनि, बिरहिनि बिरह दही।
चाहति हुतौं गुहारि जितहिं तैं, उत तै धार बही।
'सूरदास' अब धीर धरहिं क्यौं, मरजादा न लही।।



www.mseducationtv.com

*प्रश्न :*

(i) प्रस्तुत काव्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

(ii) प्रस्तुत काव्यांश का प्रसंग लिखिए।

(iii) योग सँदेश सुनकर गोपियों की क्या हालत होती है ?

(iv) यहाँ 'गुहारि' का क्या अर्थ है ?

(v) गोपियों का धैर्य खत्म क्यों हो रहा है ?

**8.** निम्नलिखित काव्यांश में निहित भाव एवं शिल्प-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 2 + 2 = 4

फटिक सिलानि सौं सुधार्‌यौं सुधा मंदिर,
उदधि दधि को सो अधिकार उमगे अमंद।
बाहर ते भीतर लौं भीति न दिखैए 'देव',
दूध को सो फेन फैल्यो आँगन फरसबंद।

**9.** जयशंकर प्रसाद आत्मकथा लिखने से क्यों बचना चाहते हैं ?

**अथवा**

'उत्साह' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 3

**खण्ड – ग**

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा वाक्य में दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(क) 'संस्कृति' पाठ के रचयिता कौन हैं ?

(ख) नेताजी की मूर्ति पर बार-बार चश्मा कौन बदल रहा था ?



www.mseducationtv.com

(ग) बालगोबिन भगत के कितने बेटे थे ?

(घ) फ़ादर बुल्के के पिताजी का पेशा क्या था ?

(ङ) मन्नू भण्डारी को जैनेन्द्र कुमार का कौन-सा उपन्यास बहुत अच्छा लगा ?

**11.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 3 = 3$

(क) नवाब साहब ने खीरे को कैसी नजर से देखा ?

(i) लालची (ii) नवाबी

(iii) खोई-खोई (iv) सतृष्ण

(ख) संकटमोचन मंदिर काशी की किस दिशा में है ?

(i) उत्तर (ii) पूर्व

(iii) पश्चिम (iv) दक्षिण

(ग) रूस का भाग्यविधाता किसे कहा गया है ?

(i) लेनिन (ii) मार्क्स

(iii) सिद्धार्थ (iv) उपर्युक्त सभी

**12.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 4 = 4$

जो लोग यह कहते हैं कि पुराने जमाने में यहाँ स्त्रियाँ न पढ़ती थीं अथवा उन्हें पढ़ाने की मुमानियत थी वे या तो इतिहास से अभिज्ञता नहीं रखते या जान-बूझकर लोगों को धोखा देते हैं।



www.mseducationtv.com

समाज की दृष्टि में ऐसे लोग दंडनीय हैं। क्योंकि स्त्रियों को निरक्षर रखने का उपदेश देना समाज का अपकार और अपराध करना है – समाज की उन्नति में बाधा डालना है।

*प्रश्न :*

(i) प्रस्तुत गद्यावतरण के रचयिता एवं पाठ का नाम लिखिए।

(ii) यहाँ प्रयुक्त 'मुमानियत' शब्द का क्या अर्थ है ?

(iii) स्त्रियों को निरक्षर रखने का उपदेश अपराध क्यों है ?

(iv) यहाँ 'अभिज्ञता' शब्द का क्या अर्थ है ?

**13.** रामवृक्ष बेनीपुरी ***अथवा*** यतीन्द्र मिश्र का जीवन परिचय देते हुए उनकी साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 6

**14.** मन्नू भण्डारी के पिताजी ने रसोई को 'भटियारखाना' क्यों कहा है ? 2

**खण्ड – घ**

**15.** ***'कृतिका' (भाग - 2)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) 'साना-साना हाथ जोड़ि ......' प्रार्थना के भाव का वर्णन कीजिए।

(ख) 'माता का अँचल' पाठ में लेखक का नाम तारकेश्वरनाथ से भोलानाथ कैसे पड़ा ?



www.mseducationtv.com

(ग) ''नयी दिल्ली में सब कुछ था ..... सिर्फ नाक नहीं थी'' — इस कथन के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है ?

(घ) लेखक को कौन-सी बातें लिखने के लिए प्रेरित करती हैं ?

(ङ) पठित पाठ के आधार पर 'दुलारी' का चारित्रिक वैशिष्ट्य स्पष्ट कीजिए।



www.mseducationtv.com

**CLASS : 10th (Secondary)** **Code No. 4201**

**Series : Sec. M/2019**

रोल नं० | | | | | | | | | | |

***SET : C***

# हिन्दी

*(Academic/Open)*

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

---

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **15** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

---



www.mseducationtv.com

*नोट : (i) **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

**खण्ड – क**

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए : $2 \times 7 = 14$

(क) आज, इधर, नारी, मैं (विकारी शब्द छाँटिए)।

(ख) लुटेरा, मनौती (प्रत्यय छाँटकर लिखिए)।

(ग) पथभ्रष्ट, प्रतिवर्ष (विग्रह करके समास का नाम लिखिए)।

(घ) भाव वाच्य से क्या अभिप्राय है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(ङ) उद्धत, घातक (विलोम शब्द लिखिए)।

(च) घोड़ा, थोड़ा ( ***दो-दो*** पर्यायवाची शब्द लिखिए)।

(छ) क्रिया पदबंध की परिभाषा सोदाहरण दीजिए।

**2.** (क) उत्प्रेक्षा अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण दीजिए। 2

(ख) दोहा छंद का लक्षण लिखिए। 2

**3.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर निबंध लिखिए : 6

(क) आदर्श गाँव।

(ख) विज्ञान : वरदान या अभिशाप।



www.mseducationtv.com

(ग) मेरे जीवन का लक्ष्य।

(घ) हाथ का चूका फिर मारे, समय का चूका सिर मारे।

(ङ) राष्ट्रभाषा हिन्दी।

**4.** समाचार-पत्रों के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

कक्षा-कक्ष को खुला और हवादार बनाने हेतु मुख्याध्यापक को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। 6

**खण्ड – ख**

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा वाक्य में दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(क) 'कन्यादान' कविता के रचयिता कौन हैं ?

(ख) 'वीरव्रती तुम्ह धीर अछोभा' – यहाँ 'अछोभा' का क्या अर्थ है ?

(ग) 'छाया मत छूना' कविता में जो न मिला उसे भूलकर किसका वरण करने की बात कही है ?

(घ) जागते, सोते एवं स्वप्न में रात-दिन गोपियों को क्या रट रहती है ?

(ङ) 'श्रीब्रजदूलह' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?



www.mseducationtv.com

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 3 = 3$

(क) 'मुख्य गायक की गरज में' – यहाँ 'गरज' का अर्थ है :

(i) गर्जन (ii) गड़गड़ाहट

(iii) स्वार्थ (iv) ऊँची गंभीर आवाज

(ख) कवि ने फसल को सूरज की किरणों का क्या कहा है ?

(i) जादू (ii) रूपांतर

(iii) महिमा (iv) संकोच

(ग) 'सीवन को उधेड़कर देखोगे क्यों मेरी कंथा की' – यहाँ 'कंथा' का अर्थ है :

(i) कथा (ii) कविता

(iii) चद्दर (iv) गुदड़ी

**7.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान
मृतक में भी डाल देगी जान
धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात ……
छोड़कर तालाब मेरी झोंपड़ी में खिल रहे जलजात
परस पाकर तुम्हारा ही प्राण,
पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण।



www.mseducationtv.com

***प्रश्न :***

(i) प्रस्तुत काव्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

(ii) प्रस्तुत काव्यांश का प्रसंग लिखिए।

(iii) मृतक में जान डालने से क्या अभिप्राय है ?

(iv) 'जलजात' शब्द का प्रयोग कवि ने किस लिए किया है ?

(v) पाषाण पिघलकर जल क्यों बन गया होगा ?

**8.** निम्नलिखित काव्यांश में निहित भाव एवं शिल्प-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 2 + 2 = 4

छोटे से जीवन की कैसे बड़ी कथाएँ आज कहूँ ?

क्या यह अच्छा नहीं कि औरों की सुनता मैं मौन रहूँ ?

सुनकर क्या तुम भला करोगे मेरी भोली आत्म-कथा ?

अभी समय भी नहीं, थकी सोई है मेरी मौन व्यथा।

**9.** 'कन्यादान' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

'प्रातहि जगावत गुलाब चटकारी दे' – इस पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए। 3



www.mseducationtv.com

**खण्ड – ग**

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा वाक्य में दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(क) 'स्त्री-शिक्षा के विरोधी कुतर्कों का खण्डन' पाठ के रचयिता कौन हैं ?

(ख) लेखक ने बालगोबिन भगत की आयु कितनी बताई है ?

(ग) संन्यास लेते समय धर्मगुरु के सामने फ़ादर बुल्के ने क्या शर्त रखी ?

(घ) अज्ञेय का कौन-सा उपन्यास मन्नू भण्डारी की समझ के सीमित दायरे में समा नहीं पाया ?

(ङ) मण्डन मिश्र की सहधर्मचारिणी ने किसके छक्के छुड़ा दिए ?

**11.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 3 = 3$

(क) 'लखनवी अंदाज' पाठ में किस पर व्यंग्य किया गया है ?

(i) लखनवी नवाब पर

(ii) पतनशील सामंती वर्ग पर

(iii) सफेदपोश पर

(iv) उच्चवर्ग पर



www.mseducationtv.com

(ख) शहनाई बजाने के प्रयोग में आने वाली 'रीड' किससे बनाई जाती है ?

(i) बाँस से (ii) स्टील से

(iii) नरकट से (iv) तूम्बी से

(ग) 'नेताजी का चश्मा' पाठ में पान वाले के उदास होने का क्या कारण था ?

(i) मूर्ति पर चश्मा न होना

(ii) कैप्टन की मृत्यु

(iii) सच्चे देशभक्तों की कमी

(iv) पान की बिक्री न होना

**12.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

$1 \times 4 = 4$

नवाब साहब ने बहुत करीने से खीरे की फाँकों पर जीरा-मिला नमक और लाल मिर्च की सुर्खी बुरक दी। उनकी प्रत्येक भाव-भंगिमा और जबड़ों के स्फुरण से स्पष्ट था कि उस प्रक्रिया में उनका मुख खीरे के रसास्वादन की कल्पना से प्लावित हो रहा था। हम कनखियों से देखकर सोच रहे थे, मियाँ रईस बनते हैं, लेकिन लोगों की नजरों से बच सकने के खयाल में अपनी असलियत पर उतर आए हैं।

***प्रश्न :***

(i) प्रस्तुत गद्यावतरण के रचयिता एवं पाठ का नाम लिखिए।

(ii) नवाब साहब की असलियत का वर्णन कीजिए।



www.mseducationtv.com

(iii) नवाब साहब की भाव-भंगिमा से क्या स्पष्ट था ?

(iv) नवाब साहब को कनखियों से कौन देख रहे थे ?

**13.** यशपाल ***अथवा*** मन्नू भण्डारी का जीवन परिचय देते हुए उनकी साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 6

**14.** 'नेताजी का चश्मा' पाठ के आधार पर पान वाले के चरित्र की किन्हीं ***दो*** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 2

**खण्ड – घ**

**15.** ***'कृतिका' (भाग - 2)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) 'साना-साना हाथ जोड़ि .....' पाठ में झरने के संगीत में विलीन आत्मा के संगीत पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'माता का अँचल' पाठ में साँप निकलने की घटना से भोलानाथ एवं साथियों की हालत कैसी हुई ?

(ग) मूर्तिकार जॉर्ज के नाप की नाक की खोज में देश-दौरे पर किस-किस प्रांत में पहुँचा ?

(घ) 'एही ठैयाँ झुलनी हेरानी हो रामा' पाठ का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'मैं क्यों लिखता हूँ' निबंध का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।



www.mseducationtv.com

**CLASS : 10th (Secondary)** **Code No. 4201**

**Series : Sec. M/2019**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

***SET : D***

# हिन्दी

*(Academic/Open)*

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*समय :* ***3*** *घण्टे ]* *[ पूर्णांक :* ***80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ* **8** *तथा प्रश्न* **15** *हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये* ***कोड नम्बर*** *तथा* ***सेट*** *को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है,* ***परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***



www.mseducationtv.com

*नोट : (i) **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

**खण्ड – क**

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए : $2 \times 7 = 14$

(क) खाना, पशु, कल, अतएव (विकारी शब्द छाँटिए)।

(ख) गवैया, भिक्षुक (प्रत्यय छाँटकर लिखिए)।

(ग) अधपका, छोटा-बड़ा (विग्रह करके समास का नाम लिखिए)।

(घ) वाच्य के कितने भेद हैं ? किसी ***एक*** का सोदाहरण परिचय दीजिए।

(ङ) विरक्ति, प्रवृत्ति (विलोम शब्द लिखिए)।

(च) धनुष, पक्षी ( ***दो-दो*** पर्यायवाची शब्द लिखिए)।

(छ) सर्वनाम पदबंध की सोदाहरण परिभाषा दीजिए।

**2.** (क) श्लेष अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण दीजिए। 2

(ख) चौपाई छंद का लक्षण लिखिए। 2

**3.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर निबंध लिखिए : 6

(क) छात्रसंघ के चुनाव।

(ख) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ।



www.mseducationtv.com

(ग) चरित्र-बल।

(घ) पर्वतीय यात्रा।

(ङ) भारतीय किसान।

**4.** इंटरनेट के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

विद्यालय में विज्ञान की प्रयोगशाला को अत्याधुनिक करने हेतु मुख्याध्यापक को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। 6

**खण्ड – ख**

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा वाक्य में दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(क) 'संगतकार' कविता के रचयिता कौन हैं ?

(ख) 'हमारे हरि हारिल की लकरी' – यह किसने किसको कहा है ?

(ग) 'मंद हँसी मुखचंद जुन्हाई' – यहाँ 'जुन्हाई' का क्या अर्थ है ?

(घ) 'कन्यादान' कविता में वस्त्र और आभूषणों को कैसा बताया गया है ?

(ङ) श्रीब्रजदूलह के किरीट कहाँ शोभा देता है ?



www.mseducationtv.com

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 3 = 3

(क) छोटे बच्चे के स्पर्श-मात्र से कौन-से फूल झड़ने लगे थे ?

(i) गुलाब (ii) कमल

(iii) चम्पा (iv) शेफालिका

(ख) 'अयमय खाँड न ऊखमय' — यहाँ 'अयमय' का अर्थ है :

(i) स्वयं (ii) गन्ना

(iii) लोहे का बना हुआ (iv) खाँड का बना हुआ

(ग) 'आत्मकथ्य' कविता में गुन-गुनाकर अपनी कहानी कौन कहता है ?

(i) कवि (ii) मधुप

(iii) कोकिल (iv) खिलते फूल

**7.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1 × 5 = 5

विकल विकल, उन्मन थे उन्मन
विश्व के निदाघ के सकल जन,
आए अज्ञात दिशा से अनंत के घन !
तप्तधरा जल से फिर
शीतल कर दो —
बादल, गरजो !



www.mseducationtv.com

*प्रश्न :*

(i) प्रस्तुत काव्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

(ii) प्रस्तुत काव्यांश का प्रसंग लिखिए।

(iii) बादल से गरजने के लिए क्यों कहा गया है ?

(iv) 'निदाघ' का क्या अर्थ है ?

(v) 'तप्तधरा' के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है ?

**8.** निम्नलिखित काव्यांश में निहित भाव एवं शिल्प-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 2 + 2 = 4

अवधि अधार आस आवन की, तन मन बिथा सही।
अब इन जोग सँदेसनि सुनि-सुनि, बिरहिनि बिरह दही।
चाहति हुतौं गुहारि जितहिं तैं, उत तैं धार बही।
'सूरदास' अब धीर धरहिं क्यौं, मरजादा न लही।।

**9.** 'कन्यादान' कविता में माँ को अपनी बेटी अंतिम पूँजी क्यों लग रही थी ?

**अथवा**

'आत्मकथ्य' कविता का केन्द्रीय भाव स्पष्ट कीजिए। 3



www.mseducationtv.com

**खण्ड – ग**

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा वाक्य में दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(क) 'लखनवी अंदाज' पाठ के रचयिता कौन हैं ?

(ख) बालगोबिन भगत की संगीत-साधना का चरम उत्कर्ष किस दिन देखा गया ?

(ग) हिन्दी को लेकर फ़ादर बुल्के की क्या चिंता थी ?

(घ) मन्नू भण्डारी का जन्म कहाँ हुआ ?

(ङ) शंकराचार्य के छक्के किसने छुड़ा दिए ?

**11.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 3 = 3$

(क) नेताजी की मूर्ति पर सरकण्डे का चश्मा देखकर हालदार साहब कैसे खड़े हो गए ?

(i) झुककर (ii) अटेंशन

(iii) हतप्रभ (iv) हाथ जोड़कर

(ख) मानव संस्कृति को लेखक ने कैसी वस्तु कहा है ?

(i) सुंदर (ii) प्राचीन

(iii) अविभाज्य (iv) चिरनवीन



www.mseducationtv.com

(ग) संकटमोचन मंदिर काशी की किस दिशा में स्थित है ?

(i) उत्तर (ii) पूर्व

(iii) पश्चिम (iv) दक्षिण

**12.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 4 = 4$

आषाढ़ की रिमझिम है। समूचा गाँव खेतों में उतर पड़ा है। कहीं हल चल रहे हैं, कहीं रोपनी हो रही है। धान के पानी भरे खेतों में बच्चे उछल रहे हैं। औरतें कलेवा लेकर मेंड़ पर बैठी हैं। आसमान बादल से घिरा; धूप का नाम नहीं। ठंडी पुरवाई चल रही। ऐसे ही समय आपके कानों में एक स्वर-तरंग झंकार-सी कर उठी।

***प्रश्न :***

(i) प्रस्तुत गद्यावतरण के रचयिता एवं पाठ का नाम लिखिए।

(ii) इस गद्यांश में किस ऋतु का वर्णन हुआ है ?

(iii) 'रोपनी' शब्द का अर्थ लिखिए।

(iv) झंकार से किसका सम्बंध बताया गया है ?

**13.** रामवृक्ष बेनीपुरी ***अथवा*** यतीन्द्र मिश्र का जीवन परिचय देते हुए उनकी साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 6

**14.** 'लखनवी अंदाज' पाठ में निहित व्यंग्य स्पष्ट कीजिए। 2



www.mseducationtv.com

**खण्ड – घ**

**15.** ***'कृतिका' (भाग - 2)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) जॉर्ज की मूर्ति के नाप की नाक खोजते हुए मूर्तिकार गुजरात पहुँचा तो किस-किस महापुरुष की मूर्ति की नाक को परखा ?

(ख) 'साना-साना हाथ जोड़ि .....' पाठ के माध्यम से लेखिका क्या दर्शाना चाहती है ?

(ग) 'माता का अँचल' पाठ में लेखक का नाम तारकेश्वरनाथ से भोलानाथ कैसे पड़ा ?

(घ) टुन्नू और दुलारी का पहली बार परिचय कहाँ और किस रूप में हुआ ?

(ङ) लेखक को कौन-सी बातें लिखने के लिए प्रेरित करती हैं ?



www.mseducationtv.com